DRTGA9

6

# सर्दी, गर्मी और बरसात

साल भर में कभी तो खूब गर्मी होती है, इतनी धूप कि घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। कभी इतनी सर्दी होती है कि बदन काँपने लगता है। कभी बरसात होती है तो सब तरफ गीला–गीला हो जाता है।

तुम्हें इनमें से कौन से मौसम के दिन सबसे अच्छे लगते हैं। गर्मी के दिन/बरसात के दिन/सर्दी के दिन ——————————

सोचकर बताओ कि ये दिन तुम्हें अच्छे क्यों लगते हैं? ————————

————————————————————————————

————————————————————————————

बरसात के दिनों में हमारे दैनिक जीवन में बहुत कुछ बदल जाता है। लोग छाते, पॉलिथीन की बरसाती (रेनकोट) साथ लेकर चलते हैं। बहुत से काम इन्हीं दिनों (मौसम में) में किए जाते हैं, जैसे खेतों में फसलों की बुवाई।





बरसात के चित्र में तुम्हें कौनसी खास बात दिख रही है?

________________________________________________

________________________________________________

बारिश के दिनों में तुम्हारे घर में क्या–क्या होता है?

________________________________________________

________________________________________________

इन दिनों तुम्हारे गाँव/शहर में क्या–क्या होता है?

________________________________________________

________________________________________________

बारिश के समय में तुम्हारा मोहल्ला या गाँव कैसा दिखता है? अपनी कॉपी में इसका चित्र बनाओ।

दिए गए चित्रों को ध्यान से देखकर अगले पन्ने पर दी गई बातों के बारे में लिखो–



चित्र 1 चित्र 2 चित्र 3

चित्र 1 में क्या–क्या हो रहा है? यह चित्र किस मौसम का है?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

चित्र 2 में क्या–क्या हो रहा हैं? यह चित्र किस मौसम से सम्बंधित है?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

चित्र 3 में क्या हो रहा है? यह चित्र किस मौसम का है?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

## मौसम के अनुसार खाने–पीने की कुछ बातें

कुछ फल सर्दी में ही पैदा होते हैं, कुछ गर्मी में और कुछ बरसात में। इसी तरह सब्जियाँ भी मौसम के अनुसार उगाई जाती हैं। अतः मौसम के अनुसार बाजार में कुछ सब्जियों और फलों की अधिकता होती है।



चित्र में दिए गए इन फलों और सब्जियों को पहचानो और सोचो कि ये किन–किन मौसम में होते हैं? मौसम के अनुसार नीचे दी गई तालिका में इनके नाम लिखो। इनके अलावा जिन फलों और सब्जियों के बारे में तुम जानते हो, उनके नाम भी इस तालिका में भरो –

| क्र. | गर्मी में | बरसात में | सर्दी में | हर मौसम में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |
| 5. | | | | |
| 6. | | | | |
| 7. | | | | |

## कुछ और बातें

रेहाना और नीता ने एक कविता बनाई जो इस प्रकार है–

वर्षा आती पानी लाती,
धरती हरी–भरी हो जाती।
खुश हो जाते सभी किसान,
खेतों में लहराता धान।
पकता धान दिवाली आती,
खूब सब्जियाँ ठंड खिलाती।
स्वेटर पहनें तापें आग,
गाँव–गाँव में होती फाग।
फिर आते गर्मी के दिन,
मिले चैन न पानी बिन।

इस कविता में बारिश, गर्मी और सर्दी के मौसम के बारे में क्या–क्या बातें बताई गई हैं। उन्हें अपने शब्दों में लिखो–

बरसात ____________________________________________

सर्दी ____________________________________________

गर्मी ____________________________________________

अब तुम भी अपने साथियों के साथ मिलकर गर्मी, सर्दी व बारिश के बारे में अपनी मर्जी की कुछ बातें लिखो–

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

## हमने क्या सीखा ?

### मौखिक

1. छाते का उपयोग तुम किस–किस मौसम में करते हो?
2. गर्मी के मौसम में तुम क्या–क्या खाना पसंद करोगे ?
3. गेहूँ की फसल किस मौसम में बोई जाती है?

### लिखित

नीचे दी गई बातें किस–किस मौसम (सर्दी/गर्मी/बरसात) में होती है? खाली जगह में मौसम के नाम लिखो।

1. मेंढक टर्राना शुरू कर देते हैं ______________________
2. पतले कपड़े पहनते हैं ______________________
3. धान की बुवाई करते हैं ______________________
4. जामुन खाते हैं ______________________
5. सब जगह हरियाली हो जाती है ______________________
6. स्वेटर पहनते हैं ______________________
7. ठंडा शर्बत पीते हैं ______________________
8. धूप सेंकते हैं ______________________
9. आम खाते हैं ______________________
10. रजाई ओढ़ते हैं ______________________

## खोजो आस–पास

1. पता करो और सर्दी, गर्मी और बारिश में आने वाले त्यौहारों का चार्ट बनाओ।
2. बरसात के मौसम में तुम भी अपने साथियों के साथ शाला के परिसर में, घर के आस–पास पौधे लगाओ और उनकी देखभाल करो।
3. रीता के घर पर खाने की चीजों को लम्बे समय तक सुरक्षित रखने के लिए सूखा कर, नमक डालकर, अचार बनाकर जैसे तरीकों का उपयोग किया जाता है।

   पता करो आपके आस–पास के लोग खाने–पीने की चीजों को लम्बे समय तक सुरक्षित रखने के लिए कौन–कौन से तरीके अपनाते हैं। इसकी चर्चा अपनी कक्षा में भी करो।

DS3CBH